Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 30 दिसंबर, 2021

न्यू डेवलपमेंट बैंक

हाल ही में 'मिस्र' 'न्यू डेवलपमेंट बैंक' (NDB) का नौवाँ सदस्य बन गया है। इससे पूर्व सितंबर माह में बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात और उरुग्वे 'न्यू डेवलपमेंट बैंक' में नए सदस्यों के तौर पर शामिल हुए थे। ज्ञात हो कि न्यू डेवलपमेंट बैंक द्वारा सदस्यता के विस्तार से उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिये एक प्रमुख विकास संस्थान के रूप में कार्य करने में इसकी मदद करेगा। ज्ञात हो कि 'न्यू डेवलपमेंट बैंक' वर्ष 2014 में ब्राज़ील के 'फोर्टालेज़ा' में आयोजित छठे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में ब्रिक्स देशों द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित एक बहुपक्षीय विकास बैंक है। इसका गठन ब्रिक्स और अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं में नवाचार एवं अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के माध्यम से तीव्र विकास के लिये बुनियादी अवसंरचना एवं सतत् विकास प्रयासों का समर्थन करने हेतु किया गया था। इसका मुख्यालय शंघाई (चीन) में स्थित है। वर्ष 2018 में 'न्यू डेवलपमेंट बैंक' ने संयुक्त राष्ट्र के साथ सक्रिय और उपयोगी सहयोग के लिये एक मज़बूत आधार स्थापित करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा में पर्यवेक्षक का दर्जा प्राप्त किया था। यह अपने सदस्य देशों के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने हेतु बैंक ऋण, गारंटी, इक्विटी भागीदारी और अन्य वित्तीय साधनों के माध्यम से सार्वजनिक या निजी परियोजनाओं का समर्थन करता है।

ग्लोबल एन्वायरनमेंट एंड क्लाइमेट एक्शन सिटीज़न अवार्ड

'ग्रीनमैन' के नाम से मशहूर सूरत के प्रसिद्ध उद्योगपति विरल देसाई को दुबई में प्रतिष्ठित 'ग्लोबल एन्वायरनमेंट एंड क्लाइमेट एक्शन सिटीज़न अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। ब्रिटेन, अमेरिका, न्यूज़ीलैंड, फ्राँस और मलेशिया सहित 11 देशों के 28 लोगों को भी इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विरल देसाई जलवायु कार्रवाई हेतु सम्मान पाने वाले एकमात्र भारतीय थे। 'ग्लोबल एन्वायरनमेंट एंड क्लाइमेट एक्शन सिटीज़न अवार्ड' एक पर्यावरण पुरस्कार है, जिसे 'हार्वर्ड मेडिकल स्कूल सेंटर फॉर हेल्थ एंड ग्लोबल एनवायरनमेंट' द्वारा स्थापित किया गया है। यह प्रतिवर्ष एक ऐसे व्यक्ति को दिया जाता है, जो वैश्विक पर्यावरण को बहाल करने और उसकी रक्षा करने के लिये काम कर रहा है।

राष्ट्रीय नस्ल संरक्षण पुरस्कार

'केरल पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय' (AICRP) के तहत 'अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना' (KVASU) को वर्ष 2021 के लिये 'राष्ट्रीय नस्ल संरक्षण पुरस्कार' प्रदान किया गया है। 'अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना' को यह पुरस्कार एकमात्र पंजीकृत देशी चिकन नस्ल- 'टेलिचेरी' के संरक्षण और इस पर अनुसंधान गतिविधियों के लिये दिया गया है। 'अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना' के तहत 'टेलिचेरी नस्ल' का संरक्षण वर्ष 2014 में शुरू किया गया था। यह पुरस्कार 'आईसीएआर- राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो' द्वारा प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार के तहत एक प्रशस्ति पत्र और 10,000 रुपए की पुरस्कार राशि शामिल है।

ज़ियुआन-1 02E' पृथ्वी संसाधन अवलोकन उपग्रह

चीन ने हाल ही में 'ज़ियुआन-1 02E' पृथ्वी संसाधन अवलोकन उपग्रह लॉन्च किया है, जो कि इस वर्ष चीन का 53वाँ कक्षीय प्रक्षेपण है। 'ज़ियुआन-1 02E' सुदूर संवेदन उपग्रहों की शृंखला में नवीनतम है। इसमें चीन के भू-वैज्ञानिक वातावरण का सर्वेक्षण और खनिजों की खोज में मदद करने के लिये अवरक्त, निकट-अवरक्त व हाइपरस्पेक्ट्रल कैमरे संलग्न हैं। इस उपग्रह को पृथ्वी की कक्षा में आठ वर्ष के जीवनकाल के लिये डिज़ाइन किया गया है। इसे प्राकृतिक संसाधनों का पता लगाने हेतु उच्च रिज़ॉल्यूशन में पृथ्वी की सतह का मानचित्रण करने के उद्देश्य से लॉन्च किया गया है। उपग्रह से प्राप्त डेटा का उपयोग पर्यावरणीय आपदाओं के प्रति सचेत करने और पानी की गुणवत्ता की निगरानी के लिये किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-30-december-2021